प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.01.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पहली वर्षगांठ पर तीन दिवसीय भव्य समारोह की शुरूआत की।
2. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने मेरठ के आईआईएमटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को किया संबोधित : कहा– भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवा निभायेंगे महत्वपूर्ण भूमिका।
3. मुख्यमंत्री ने लखनऊ में खादी महोत्सव 2025 का किया उद्घाटन : कहा– पिछले सात वर्षों में साढ़े तीन लाख से अधिक लोगों को खादी के माध्यम से मिला है रोजगार।

और

4. प्रयागराज महाकुंभ में अध्यात्मिकता, नवाचार, और डिजिटल प्रगति की देखने को मिलेगी झलक : तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिये की गई विशेष व्यवस्थाएं।

———————

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव आज से शुरू हुआ। इस मौके पर श्रीराम मंदिर को 50 क्विंटल से ज्यादा फूलों से सजाया गया। रामलला का पंचामृत और सरयू जल से अभिषेक

किया गया और 56 पकवानों का प्रसाद चढ़ाया गया और महाआरती की गई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव का शुभारम्भ किया। उन्होंने अंगद किला पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि एक साल पहले आज ही के दिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में श्रीराम जन्मभूमि पर रामलला की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ था। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर के लिये लोकतांत्रिक तरीके से और संविधान के दायरे में रह कर एक लम्बा आन्दोलन चला। बाइट......

*500 वर्षों का इतिहास और ये इंतजार जिसकी दूरदर्शिता से सम्पन्न हो करके आज इस गौरव की अनुभूति हम सबको हर राम भक्त को करा रही हैं ऐसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति ससे पहले कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए हम सब हृदय से आभार व्यक्त करते है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम मंदिर की स्थापना के बाद अयोध्या में चौमुखी विकास हो रहा है। आने वाले समय में अयोध्या दुनिया की सबसे वैभवशाली नगर के रूप में स्थापित होगा। बाइट......

*अयोध्या जिस रूप में हम सबके सामने है आप अयोध्या के पास अपना इंटरनेशनल एयरपोर्ट है, अयोध्या की सड़के त्रेता युग की स्मरण करा रही है फोर लेन, सिक्स लेन की सड़के सरयू मैया के घाट पूरे देश को अपनी ओर आकर्षित करते है। राम जी की पैड़ी  अब सरयू जी का जल वहीं पे सड़ता नहीं है, बल्कि एक ओर से आता है दूसरी ओर से वापस सरयू मैया में लौट करके श्रद्धालुओं को पुण्य का लाभ प्रदान कर रहा है।*

——————————

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर देशभर से श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे हैं। पेश है एक रिपोर्ट........

*रामनगरी में उत्साह है, उल्लास है,जय श्री राम की चारों तरफ गूंज है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की यह पहली वर्षगांठ है,इसीलिए देश दुनिया से भक्त अयोध्या पहुंचे हैं,इस खास मौके पर रामलला सोने–चांदी जड़े पीतांबर धारण कर भक्तों को दर्शन दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन दिवसीय प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव का शुभारंभ किया। प्रतिष्ठा द्वादशी उत्सव के दौरान तीनों दिन 6 लाख श्री राम बीज मंत्र का जाप कर 21 वैदिक आचार्य माहौल को धार्मिकता से सराबोर करेंगे,साथ ही नित्य शाम 6 बजे से 9 बजे तक भगवान रामलला का बधाई गान होगा। इसके अलावा अंगद टीले पर राम कथा प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे,जिनमें आम भक्त शामिल हो सकेंगे,विश्व भर के राम भक्त प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम से जुड़ सकें,इसके लिए दूरदर्शन पर लाइव प्रसारण किया जा रहा है। प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए हैं। तनमय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सभी देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह मंदिर सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष के बाद बना है। उन्होंने इसे हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान विरासत बताया।

——————————

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित दश बनाने में युवाआं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। रक्षामंत्री आज मेरठ के आईआईएमटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्रों को स्वामी विवेकानन्द के जीवन और आदर्शो से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के युवा अपनी मजबूत इच्छा शक्ति के माध्यम से भारत को एकबार फिर विश्वगुरू का दर्जा दिलाने में पूरी तरह से सक्षम है। बाइट.....

*अपने भारत देश के नौजवानों के अंदर स्ट्रांग विल पॉवर देखने को मिला है समय बदल गया है ये इंडिया ड्रीम का समय है। भारतीय स्वप्न देखने का समय है आज आप अपने इस देश में अपने भारत में रह कर कोई भी स्वप्न देखने चाहते है। देख सकते है। अपने –अपने संकल्प और साधना से आप जैसे नौजवान ही उसे पूरा कर सकते हैं भारत वैश्विक स्तर पर सबसे वाइलेंट स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक के रूप में उभरा है। अपने तीसरे सबसे स्टार्टअप हब के रूप में अपनी जगह बनाई है आज भारत के अन्दर कोर दैन वन लाख ट्रिलियन स्र्टाटअप इस तरह काम कर रहे है।*

इस अवसर पर रक्षामंत्री ने समारोह में लगभग चार हजार छात्र–छात्राओं को उपाधियां और पदक प्रदान किये।

———————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक

समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में खादी महोत्सव 2025 का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महोत्सव में लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि खादी को महात्मा गांधी ने एक आंदोलन बनाया और खादी बनाने वाला चरखा भारत के स्वाभिमान का प्रतीक बना। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पिछले सात वर्षो में साढ़े तीन लाख से अधिक लोगों को खादी के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

कार्यक्रम में प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान भी मौजूद रहे। इस दौरान माटीकला क पांच लाभार्थियों के टूल किट और प्रमाणपत्र वितरित किये गये। खादी महोत्सव गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 17 जनवरी तक चलेगा। महोत्सव में हस्तनिर्मित उत्पादों के साथ खादी से बने आकर्षक परिधानों के लगभग 130 स्टॉल लगाए गए हैं।

————————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज लखनऊ के इंदिरा नगर स्थित राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान में

नवीन चिकित्सा इकाइयों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर श्री पाठक ने कहा कि प्रदेश में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिये निरन्तर प्रयास किया जा रहा है।

————————

प्रयागराज में महाकुंभ में लाखों तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के पहुंचने की संभावना है। इसके लिए रेल, सड़क और हवाई मार्ग से शहर तक पहुंचने की विशेष व्यवस्था की गई है। एक रिपोर्ट......

*भारतीय रेलवे ने प्रयागराज आने–जाने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुरक्षित और कुशल यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। अमृत स्नान के लिए बड़ी संख्या में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे तीन हजार 300 विशेष रेलगाडी सहित 10 हजार से अधिक रेलगाडियां चला रहा है। भीड को नियत्रिंत करने के लिए विशेष उपाय भी किए गए हैं, जिसमें अनारक्षित यात्रियों के लिए स्टेशनों पर रंग–कोडित प्रतीक्षा और होल्डिंग क्षेत्र शामिल हैं। भारी भीड़ को संभालने के लिए, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम सात हजार से अधिक बसों की सेवा उपलब्ध करा रहा है, जिनमें 350 से ज्यादा शटल बसें विशेष रूप से मेला क्षेत्र में आवागमन करेगी। इस बार विमानन सेवा भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। एयरलाइंस प्रयागराज के लिए उड़ानें बढ़ा रही हैं और महाकुंभ की अवधि के लिए नए शहरों को जोड़ा जा रहा है। नई उड़ानों के जुड़ने से प्रयागराज से महाकुंभ के दौरान 25 प्रमुख शहरों से सीधा हवाई संपर्क हो जाएगा।*

————————

महाकुंभ में इस बार आध्यात्मिकता, नवाचार, परंपरा और डिजिटल प्रगति की झलक एक साथ देखने को मिलेगी। आयोजन के दौरान साइबर खतरे से निपटने के

लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं। महाकुंभ में साइबर पेट्रोलिंग के लिए 56 साइबर विशेषज्ञ तैनात किए गए हैं। धोखाधड़ी वाली वेबसाइट, फर्जी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और फर्जी मोबाइल लिंक जैसे साइबर खतरों के चुनौतियों से निपटने के लिए महाकुंभ साइबर पुलिस स्टेशन की स्थापना की गई है। साइबर खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मेला क्षेत्र में 40 विभिन्न प्रकार के सूचना संदेश पर डिस्पले लगाए जा रहे हैं। वहीं हेल्प लाइन नम्बर 1 9 2 0 भी जारी किया गया है।

—————————

कन्नौज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन दो मंजिला इमारत की शटरिंग गिरने से उसके मलबे में करीब 36 मजदूर दब गये, जिनमें से 24 मजदूरों को बाहर निकाल लिया गया है। घायल मजदूरों को जिला अस्पताल भेजा गया, जहां तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। घटनास्थल पर मौजूद प्रदेश के समाज कल्याण मंत्री असीम अरूण ने बताया कि इस मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें राहत और बचाव कार्य में जुटी है।

—————————

उन्नाव, शामली, अमरोहा और औरैया सहित विभिन्न जिलों में  आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया

गया, जिसमें प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने लोगों की शिकायतों को सुना और उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये।

(समाप्त)